## नकबजनी की बड़ी वारदात का खुलासा, 2 शातिर चोर गिरफ्तार

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आजाद नगर पुलिस ने नकबजनी की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से करीब 15 क्विंटल गोंद, जिसकी कीमत लगभग 7 लाख रुपए है, बरामद किया है. वारदात में उपयोग महिन्द्रा पिकअप वाहन भी पुलिस ने जब्त किया है.**

एडीसीपी जोन-1 और एसीपी आजाद नगर के निर्देशन में थाना प्रभारी लोकेश सिंह भदौरिया की टीम ने मामला सुलझाया. रात करीब 3 बजे उद्योग नगर स्थित एक गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश 35 कट्टे गोंद चोरी कर ले गए थे. फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने आसपास के करीब 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली. फुटेज के आधार पर आरोपियों का हुलिया और चोरी में इस्तेमाल वाहन की पहचान की गई.

**गोदाम से चोरी हुआ 15 क्विंटल गोंद बरामद, पिकअप वाहन भी जब्त**



**दोनों आरोपियों पर इंदौर और खरगोन में आधा दर्जन मामले हैं दर्ज**

मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मयूर उम्र 24 साल निवासी रोड़िया, भीकनगांव जिला खरगौन और मालू उम्र 25 साल निवासी कोपरबेल सुरतीपुरा, सिमरोल को पकड़ा. दोनों को वाहन सहित थाना क्षेत्र में घूमते हुए दबोचा. पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना कबूल किया. दोनों आरोपियों पर इंदौर और खरगौन के विभिन्न थानों में आधा दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं. आरोपियों से करीब 25 कट्टे गोंद कीमत लगभग 7 लाख रुपए और पिकअप वाहन जब्त किया है. बाकी माल और अन्य फरार साथियों की तलाश जारी है.

## लकवाग्रस्त तेंदुआ 116 दिन बाद भोपाल शिफ्ट

- 40 फीट गहरे कुएं में गिरने से हो गया था घायल
- रालामंडल अभयारण्य में चल रहा था इलाज

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कुएं में गिरकर लकवाग्रस्त हुए तेंदुए को 116 दिन बाद भोपाल के वन विहार भेज दिया गया, वहीं दूसरी ओर देवास के पास इंदौर-भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन से नीलगाय टकराने के कारण रेल यातायात प्रभावित रहा और कई ट्रेनें देरी से चलीं.**

पिछले दिनों उमरियाखुर्द गांव के पास 11 जनवरी को करीब 40 फीट गहरे कुएं में गिरे तेंदुए का रेस्क्यू कर रालामंडल अभयारण्य में इलाज चल रहा था. करीब चार महीने तक चले उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी हालत में सुधार तो बताया, लेकिन कमर और पिछले पैर अब भी लकवाग्रस्त होने के कारण उसे जंगल में छोड़ना संभव नहीं माना गया. इस पर 2 मई को हुए मेडिकल परीक्षण के बाद वन विभाग ने भोपाल वन विहार भेजने का फैसला लिया. शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे तेंदुए को रेस्क्यू टीम की निगरानी में भोपाल रवाना किया गया. वन अधिकारियों को उम्मीद है कि खुले बाड़े में रखने से उसकी हालत में और सुधार हो सकेगा.

**नीलगाय ट्रेन से टकराई, कई ट्रेनें एक से डेढ़ घंटे हुई लेट**

वहीं गुरुवार रात देवास के पास एक नीलगाय इंदौर से भोपाल जा रही इंदौर-भोपाल एक्सप्रेस से टकरा गई. टक्कर के बाद इंजन का पाइप क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे ट्रेन को बीच रास्ते में रोकना पड़ा. बाद में दूसरे लोको इंजन की मदद से ट्रेन को आगे रवाना किया. इस हादसे का असर पूरे रेलखंड पर पड़ा और शिप्रा एक्सप्रेस सहित कई ट्रेनें करीब एक से डेढ़ घंटे की देरी से चलीं. ट्रेनों के रुकने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा और उन्होंने सोशल मीडिया पर शिकायत भी दर्ज कराई. रेलवे अधिकारियों ने इसे कैटल रन ओवर की घटना बताते हुए असुविधा के लिए खेद जताया है.

## हाइवे जाम करने पर कई कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर दर्ज

- सत्यनारायण पटेल और चिंटू चौकसे सहित 33 पर केस

**इंदौर.** किशनगंज थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर चक्काजाम कर यातायात बाधित करने के मामले में पुलिस ने कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के खिलाफ बड़ा कानूनी कदम उठाया है. किसानों की समस्याओं को लेकर मेडिकेप्स चौराहा स्थित नेशनल हाईवे पर किए गए इस विरोध प्रदर्शन के कारण एबी रोड पर घंटों आवागमन ठप रहा, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा. इस मामले में पुलिस ने कांग्रेस के 33 प्रमुख नेताओं सहित अन्य कार्यकर्ताओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है.

पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में विधायक, पूर्व विधायक और जिला अध्यक्षों सहित कई बड़े नाम शामिल हैं. इसमें झाबुआ विधायक डॉ. विक्रांत भूरिया, बदनावर विधायक भंवर सिंह शेखावत, इंदौर जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे, पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी और पार्षद राजू भदौरिया जैसे प्रमुख नेताओं को आरोपी बनाया गया है. इनके अलावा किसान कांग्रेस अध्यक्ष जीतू ठाकुर, सदाशिव यादव, शक्ति सिंह गोयल, अजय रघुवंशी, शुभम दरबार, सोहन सिंह ठाकुर, सरपंच विजय बिलोनिया, अशोक सैनी और सोराब पटेल सहित कुल 33 नेताओं को नामजद किया गया है.

**आम जनता और आपातकालीन सेवाओं के लिए गंभीर स्थिति बनी**

गुरुवार को आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने किसानों की मांगों को लेकर हाईवे के बीचों-बीच धरना दिया था. इस चक्काजाम के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई थीं. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि बार-बार समझाइश देने के बावजूद प्रदर्शनकारियों ने रास्ता नहीं खोला, जिससे आम जनता और आपातकालीन सेवाओं के लिए गंभीर स्थिति पैदा हो गई. सार्वजनिक मार्ग को अवैध रूप से अवरुद्ध करने और शासन के निर्देशों का उल्लंघन करने के आरोप में किशनगंज पुलिस ने अब इन सभी नेताओं के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है. आरोपियों में महू ब्लॉक अध्यक्ष विष्णु मालवीय, योगेश बीना, मनोहर सारदिया और कान्हा उर्फ कृष्णा गोयल जैसे स्थानीय पदाधिकारियों के नाम भी शामिल हैं.

## बीमारी और तनाव से परेशान महिला ने पीया एसिड, मौत

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र में एक 60 वर्षीय महिला ने बीमारी और मानसिक तनाव के चलते घर में एसिड पी लिया. हालत बिगड़ने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. पुलिस के अनुसार, दुर्गा कॉलोनी निवासी ललिता पति मूलचंद जोशी ने बुधवार को यह कदम उठाया. परिजन उन्हें पहले निजी अस्पताल ले गए, जहां से गुरुवार को हालत गंभीर होने पर एमवाय अस्पताल रेफर कर दिया गया. रात में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई. परिजनों ने पुलिस को बताया कि दीपावली के समय महिला का गंभीर बीमारी के चलते ऑपरेशन हुआ था. ऑपरेशन के बाद भी उन्हें इलाज सही नहीं होने का डर बना हुआ था, जिसके चलते वह पिछले करीब छह माह से मानसिक तनाव में थीं.

**इलाज के दौरान अस्पताल में तोड़ा दम, पुलिस जांच में जुटी**

## बायपास पर हिट एंड रन का मामला, बाइक सवार युवक की मौत

- तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, पुलिस कर रही तलाश

नव भारत न्यूज

**इंदौर. कनाड़िया थाना क्षेत्र में बायपास पर देर रात हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई. युवक को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी. गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया.**



पुलिस के अनुसार, मृतक का नाम अशोक निवासी मूसाखेड़ी बताया गया है, जो मूल रूप से खंडवा जिले का रहने वाला था और इंदौर में ड्राइवरी करता था. देर रात वह बाइक से जा रहा था, तभी फीनिक्स सिटी के सामने अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी. हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया. घटना के बाद राहगीरों ने घायल युवक को देखा और एंबुलेंस से एमवाय अस्पताल पहुंचाया. युवक के पास मिले मोबाइल और दस्तावेजों के आधार पर पुलिस ने परिजनों को सूचना दी. कनाड़िया पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है.

### एक नजर में

## विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण




**महू.** क्षेत्र के ग्राम बेरछा एवं गांगलिया खेड़ी में विकास कार्यों को नई दिशा देते हुए विधायक उषा ठाकुर ने विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया. कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे. ग्राम गांगलिया खेड़ी में लगभग 40 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन, सड़क एवं पुलिया निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया. वहीं ग्राम बेरछा में लगभग 19 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमि पूजन किया गया. इस अवसर पर विधायक उषा ठाकुर ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब और किसान के विकास के संकल्प के साथ लगातार कार्य कर रही है. ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, भवन एवं आधारभूत सुविधाओं के विस्तार से गांवों का विकास तेज गति से हो रहा है तथा आमजन को सीधा लाभ मिल रहा है. कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय, पूर्व मंडल अध्यक्ष राय बहादुर सिंह तवर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष मीनू भदोरिया, सरपंच, वरिष्ठ पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## कार से अवैध शराब ले जा रहा आरोपी धराया



**इंदौर.** कनाड़िया पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को कार सहित गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से 15 पेटी अंग्रेजी शराब (करीब 135 लीटर) और घटना में उपयोग आल्टो कार जब्त की गई है. जब्त शराब की कीमत करीब 1.50 लाख रुपए और कार की कीमत लगभग 2.50 लाख रुपए बताई गई है. यह कार्रवाई डीसीपी जोन-2 अमन सिंह राठौड़, एडीसीपी अमरेन्द्र सिंह और एसीपी खजराना कुंदन सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में कनाड़िया थाना पुलिस ने की. पुलिस के अनुसार, गुरुवार 7 मई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति आल्टो कार से इंदौर से देवास की ओर बड़ी मात्रा में अवैध शराब ले जा रहा है. सूचना मिलते ही पुलिस ने एसपी विला कॉलोनी के पास घेराबंदी कर कार नम्बर एमपी 13 सीबी 0337 को रोका और तलाशी ली. कार से देवास निवासी राहुल पिता तेजाराम मालवीय उम्र 32 साल को गिरफ्तार किया गया. उसके कब्जे से 15 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की गई. इसमें लंदन प्राइड, आरएस, आरसी, बैग पाइपर सहित अन्य ब्रांड की शराब शामिल है. पुलिस आरोपी से शराब के स्रोत और इस तस्करी में शामिल अन्य लोगों के बारे में पूछताछ कर रही है.

## प्लाट की रजिस्ट्री मांगी तो गालीगलौज कर की मारपीट

**इंदौर.** सांवेर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति को अपने ही खरीदे हुए प्लॉट की रजिस्ट्री मांगना महंगा पड़ गया. आरोपी ने न केवल रजिस्ट्री करने से इनकार कर दिया, बल्कि पैसे वापस मांगने पर फरियादी और उसके दोस्त के साथ मारपीट कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी. नेहरू नगर निवासी फरियादी राजेश पिता देवीसिंह बिनोरिया ने पुलिस को बताया कि उन्होंने वर्ष 2019 में जैतपुरा चौराहा धरमपुरी स्थित धाकड़ मार्बल के संचालक राजेन्द्र नटेरिया से एक प्लाट खरीदा था. राजेश का दावा है कि उन्होंने प्लॉट की पूरी राशि आरोपी को समय पर चुका दी थी. बावजूद इसके, पिछले 5 सालों से आरोपी रजिस्ट्री करने के नाम पर टालमटोल कर रहा है. विगत दिवस जब फरियादी राजेश अपने दोस्त जितेन्द्र पिता कमल सिंह के साथ आरोपी राजेन्द्र नटेरिया के पास पहुंचा और दो टूक शब्दों में कहा कि यदि तुम प्लॉट की रजिस्ट्री नहीं कर रहे हो, तो मेरे पूरे पैसे वापस लौटा दो, तो आरोपी भड़क गया. राजेन्द्र ने दोनों को गालियां देना शुरू कर दिया. विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी ने बेरहमी से मारपीट शुरू कर दी, जिससे उसे चोटें आई हैं. जाते-जाते आरोपी ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी. पीड़ित पक्ष की शिकायत पर सांवेर पुलिस ने आरोपी राजेन्द्र नटेरिया के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है और मामले की जांच कर रही है.

## चलती बाइक में लगी आग, मिनटों में जलकर हुई खाक



**इंदौर.** एलआईजी चौराहे पर शुक्रवार दोपहर अचानक एक बाइक में आग लग गई. कुछ ही मिनटों में आग ने पूरी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन जलकर राख हो गया. सूचना मिलते ही दमकल पहुंची और आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया.

फायर ब्रिगेड के मुताबिक, दोपहर करीब 3.15 बजे आग लगने की सूचना मिली थी. मौके पर पहुंची टीम ने तेजी से आग बुझाई. प्रारंभिक जांच में इंजन के पास शॉर्ट सर्किट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है. घटना के दौरान एलआईजी चौराहे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया था. हादसे के बाद विजय नगर से लिंक रोड की ओर जाने वाले ट्रैफिक पर असर पड़ा और कुछ समय के लिए लेफ्ट टर्न से वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी.

## कर्ज के दलदल से निकलने के लिए बन गया ड्रग्स पैडलर

- आईटी पार्क के पास 1.60 लाख की ड्रग्स के साथ धराया

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में नशे की सप्लाई चेन तोड़ने के लिए इंदौर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत चंदन नगर पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है. पुलिस ने राजस्थान से ड्रग्स लाकर इंदौर के युवाओं में जहर घोलने वाले एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार किया है. आरोपी के पास से करीब 1.60 लाख रुपये कीमत की एमडी ड्रग्स बरामद हुई है. पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी कर्ज चुकाने और रातों-रात अमीर बनने की हसरत में अपराध की दुनिया में उतर गया था.**

थाना प्रभारी तिलक कारोले के नेतृत्व में पुलिस की टीम धार रोड स्थित आईटी पार्क ग्रिड के पास संदिग्धों की निगरानी कर रही थी. इसी दौरान एक युवक पुलिस को देख घबराकर भागने लगा. मुस्तैद टीम ने पीछा कर उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया. पूछताछ में युवक ने अपना नाम राहुल राठौर (26 वर्ष), निवासी हैदर नगर हातोद बताया. पुलिस ने जब राहुल की तलाशी ली, तो उसके पास से 15.87 ग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की गई. अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत डेढ़ लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है.

**राजस्थान के डग इलाके से इंदौर लाता था ड्रग्स:** पुलिस के अनुसार, आरोपी खुद भी नशे का आदी है और इसी लत व पैसों की तंगी ने उसे तस्करी के रास्ते पर धकेल दिया. पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. शुरुआती पूछताछ में राहुल ने बताया कि वह राजस्थान के डग इलाके से सस्ते दामों पर ड्रग्स खरीदकर लाता था. इंदौर पहुंचने के बाद वह इनके छोटे-छोटे पैकेट बनाता और उन्हें ऊंचे मुनाफे पर ग्राहकों को बेच देता था.

**पार्टी कल्चर या नशे की गिरफ्त में आए युवाओं को देता था ड्रग्स**

आरोपी का मुख्य निशाना वे युवा थे जो पार्टी कल्चर या नशे की गिरफ्त में आ चुके हैं. चंदन नगर पुलिस अब राहुल को रिमांड पर लेकर यह सुराग जुटा रही है कि राजस्थान में उसे यह माल कौन मुहैया कराता था. साथ ही, इंदौर में उसके रिटेल नेटवर्क में कौन-कौन लोग शामिल हैं, इसकी भी एक सूची तैयार की जा रही है. पुलिस का दावा है कि जल्द ही इस रैकेट के अन्य सदस्यों को भी बेनकाब किया जाएगा.

## शराबी सौतेले पिता ने बेटी से किया दुष्कर्म

- विरोध करने पर की मारपीट
- दरिंदगी के बाद बहन के पास भागकर बचाई जान

नव भारत न्यूज

**इंदौर. तुकोगंज थाना इलाके में एक 28 वर्षीय युवती ने अपने सौतेले पिता पर बलात्कार और प्रताड़ना का गंभीर आरोप लगाया है. आरोपी ने पहले शराब के नशे में हंगामा किया और फिर अगले दिन सुबह युवती की आबरू लूट ली.**

28 वर्षीय पीड़िता ने तुकोगंज थाने में दर्ज कराई अपनी शिकायत में बताया कि मामला 6 मई की रात का है, उसका सौतेला पिता राकेश शराब पीकर घर आया और बिना किसी बात के उसे गालियां देने लगा. विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की. उस समय युवती ने लोकलाज के डर से बात दबा ली, लेकिन आरोपी के मन में कुछ और ही चल रहा था. पीड़िता के अनुसार, अगले दिन यानी 7 मई की सुबह करीब 6 बजे, जब वह घर में अकेली थी, तब राकेश ने उसे जबरदस्ती पकड़ लिया और दूसरे कमरे में खींच ले गया. वहां उसने युवती के साथ डरा-धमकाकर बलात्कार किया. हैवानियत यहीं नहीं रुकी, कुछ देर बाद आरोपी ने दोबारा उसके साथ गलत काम करने का प्रयास किया. आरोपी के चंगुल से किसी तरह छूटकर पीड़िता अपनी बहन के पास पहुंची और उसे आपबीती सुनाई. बहन के साहस बंधाने पर पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपी पिता के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने पीड़िता के बयानों के आधार पर आरोपी राकेश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है.

## मौसेरे भाई ने नाबालिग बहन से किया दुष्कर्म

**इंदौर. मानपुर थाना इलाके में एक युवक ने अपने पारिवारिक संबंध और बहन के भरोसे का फायदा उठाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया. जब नाबालिग की सगाई की बात शुरू हुई, तो आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी दे डाली, इस पर परिवार सकते में आ गया.**

पुलिस के मुताबिक, नाबालिग पीड़िता ने अपने पिता और चाचा के साथ थाने पहुंचकर आपबीती सुनाई. शिकायत के अनुसार, आरोपी आरिफ पटेल मृतका की मौसी का बेटा है, जिसके कारण उसका घर में लगातार आना-जाना था. गत 20 अप्रैल को जब पीड़िता का परिवार एक रिश्तेदारी में बाहर गया था और वह घर पर अकेली थी, तब आरोपी उसे मौसी के घर ले जाने के बहाने अपने साथ ले गया. वहां उसने नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म किया और विरोध करने पर उसे बदनाम करने की धमकी दी. इसके बाद आरोपी ने डरा-धमकाकर पीड़िता के साथ तीन बार और गलत काम किया. इस दौरान मोबाइल से अश्लील वीडियो भी बना लिया.


दरिंदगी की हद तो तब हो गई जब पीड़िता के परिवार वाले उसके लिए रिश्ता देखने और सगाई की बात करने लगे, इससे नाराज होकर आरोपी ने पीड़िता के परिजनों को फोन लगाया और उन्हें दुष्कर्म का वीडियो भेजकर शादी तोड़ने और जान से मारने की धमकी दी. इसके बाद बदनामी और धमकियों से डरी हुई पीड़िता ने साहस जुटाया और परिजनों को पूरी घटना बताई. इसके बाद पुलिस के पास पहुंचे. गुरुवार को मानपुर थाने में महिला उपनिरीक्षक ने पीड़िता के बयान दर्ज किए. पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित की और आरोपी आरिफ को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया.

## महिला किसान को पीटा

**इंदौर.** सिमरोल थाना क्षेत्र में खेत की मेड़ पर पत्थर रखने को लेकर हुए विवाद में एक महिला किसान के साथ मारपीट की गई. फरियादी सलीता पति भीमसिंह निवासी देवगढ़, जिला खरगोन ने सिमरोल थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका खेत ग्राम रसकुंडिया में स्थित है. घटना के समय वह अपने खेत पर थीं, तभी वहीं रहने वाला मुकेश पिता रामसिंह गिनावा वहां पहुंचा. इस दौरान खेत की मेड़ पर पत्थर रखने की बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई. विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी मुकेश अपना आपा खो बैठा और सलीता को गालियां देने लगा. जब महिला ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने हाथ-मुक्कों से उसके साथ मारपीट शुरू कर दी. हमले के दौरान महिला को चोटें आई हैं. जाते-जाते आरोपी ने उसे धमकाया कि यदि दोबारा पत्थर रखा या पुलिस के पास गई तो वह उसे जान से मार देगा. पुलिस ने आरोपी मुकेश गिनावा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है.

**एक नजर में** — दस्तावेजी खामियां दूर करने चक्कर काटने के बावजूद नहीं हो रहा बुजुर्गों की समस्या का समाधान


## कागजी त्रुटियों व प्रशासनिक शिथिलता के चलते कई पात्र बुजुर्ग हुए पेंशन से वंचित





**इंदौर. केंद्र और राज्य सरकार की मंशा के विपरीत, कागजी त्रुटियों और प्रशासनिक शिथिलता के कारण कई पात्र बुजुर्गों को पेंशन से वंचित होना पड़ रहा है. कई लाभार्थियों को पेंशन मिलने के बावजूद बीच-बीच में राशि बंद होने की समस्या का सामना करना पड़ रहा है. दस्तावेजी खामियां दूर करने के लिए चक्कर काटने के बावजूद बुजुर्गों की समस्या का समाधान नही हो रहा है. यह वृद्धजनों के लिए अत्यंत चिंताजनक है.**

वृद्धा पेंशन योजना को लेकर मूसाखेड़ी क्षेत्र स्थित चिराड़ मोहल्ले से गंभीर मामला सामने आया है. यहां केंद्र और राज्य सरकार द्वारा बुजुर्गों को आर्थिक सहारा देने के उद्देश्य से संचालित पेंशन योजना का लाभ आज भी कई जरूरतमंद वृद्धजनों तक नहीं पहुंच पा रहा. क्षेत्र में कई ऐसे बुजुर्ग मिले, जिनकी उम्र 65 से 70 वर्ष के बीच है, लेकिन दस्तावेजों में छोटी-मोटी त्रुटियों के कारण उनकी पेंशन स्वीकृत नहीं हो सकी. वहीं, कुछ हितग्राहियों ने बताया कि उन्हें पेंशन का लाभ तो मिल रहा है लेकिन बीच-बीच में पेंशन बंद हो जाने से परेशानियां बढ़ जाती हैं. सैकड़ों बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने के बावजूद अधिकारी उनकी मदद करने के बजाय काम को टालते रहते हैं. ऐसी समस्याओं का निपटान करने के लिए प्रशासन को शिविर लगाने की पहल करना चाहिए, जिससे पात्र वृद्धजनों के दस्तावेज सुधार कर तत्काल पेंशन शुरू की जाए, ताकि बुजुर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने में सहायता मिल सके.


**यह बोले हितग्राही...**



कार्यालय पर जाता हूं तो मुझसे गरीबी रेखा का राशन कार्ड मांगते हैं, जबकि गरीबी रेखा का राशन कार्ड कई सालों से प्रशासन द्वारा बनाना बंद कर दिया गया है.
– नंदकिशोर हांडे



आधार कार्ड में मेरी आयु कम कर दी गई, जबकि मैं 70 वर्ष का हो चुका हूं. घर में अकेला हूं, किस-किस कार्यालय के चक्कर लगाऊं, प्रशासन को शिविर लगाना चाहिए.
– बाबूलाल सुखलाल



सालों से मिलने वाली पेंशन अचानक एक साल से बंद कर दी गई, अभी दो महीने हुए दोबारा पेंशन चालू हुई है, 600 रुपए से वृद्धजनों को थोड़ी राहत मिलती है.
– गीता नागा